11 July, 2020

Date ..../......./.........
Page.........................

पाठ - ६

लिंग

* लिंग :- शब्द का वह रूप, जिसके द्वारा यह ज्ञात होता है कि वह पुरुष जाति का है अथवा स्त्री जाति का, उसे लिंग कहते हैं। जैसे :-

१. लड़का पुस्तक पढ़ रहा है। (पुल्लिंग)
२. गायिका गाना गा रही है। (स्त्रीलिंग)
३. छात्रा कार्य कर रही है। (स्त्रीलिंग)
४. ~~मोल~~ राम दूध ला रहा है। (पुल्लिंग)

* लिंग के भेद :-

१. पुल्लिंग -> शब्द के जिस रूप से पुरुष जाति का बोध होता है, उसे पुल्लिंग कहते हैं। जैसे - लड़का, बकरा, छात्र, कवि, दर्जी, हाथी आदि।

२. स्त्रीलिंग -> संज्ञा के जिस रूप से ~~पुरुष~~ स्त्री जाति का बोध होता है, उसे स्त्रीलिंग कहते हैं। जैसे - लड़की, छात्रा, हथिनी, बाघिन, मोरनी, शेरनी आदि।

Date ....../....../......

Page......

* निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए :-

१	संचालक	संचालिका
२	पाठक	पाठिका
३	पुरुष	स्त्री
४	आचार्य	आचार्या
५	देव	देवी
६	प्रार्थी	प्रार्थिनी
७	विधवा	विधुर
८	ऊँट	ऊँटनी
९	छात्र	छात्रा
१०	ब्राह्मण	ब्राह्मणी
११	जेठ	जेठानी
१२	लोटा	लुटिया
१३	स्वामी	स्वामिनी
१४	गुड्डा	गुड़िया
१५	डिब्बा	डिबिया

Date ..../..../....

Page........

* निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य को नवीन रूप में लिखो :-

१. गायक मीठा गा रहा है।

→ गायिका मीठा गा रही है।

२. युवक झूठ बोल रहा है।

→ युवती झूठ बोल रही है।

३. नाग फन हिला रहा है।

→ नागिन फन हिला रही है।

४. आचार्य शिष्यों को पढ़ा रहा है।

→ आचार्या शिष्यों को पढ़ा रही है।

५. लड़का खेल रहा है।

→ लड़की खेल रही है।